हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 16 अक्टूबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 समाज और धर्मायतनों के प्रति अधिवक्ताओं...



07 साढ़ ही निकला कातिल, पहले पिलाई शराब,फिर...



## खबर संक्षेप

### एक क्विंटल से अधिक नकली मावा सहित बेसन के लड्डू किए गए जब्त

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वालों एवं नकली खाद्य सामग्री का उपयोग करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी परिपेक्ष्य में आज तहसीलदार संदीप तिवारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी प्रीति राय सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा कार्रवाई की गई। तहसीलदार संदीप तिवारी ने बताया कि आज राहतगढ़ बस स्टैंड स्थित भोले स्वीट्स की दुकान की जांच की गई, जहां बेसन के लड्डू की चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से जांच कराई गई। इसमें अखाद्य रंग की पुष्टि होने पर 7 किलो बेसन के लड्डू को ज़ब्त किया गया और मावा की बर्फी, मिल्क केक, कलाकंद के सैंपल लिए गए। तहसीलदार संदीप तिवारी ने बताया कि इसी प्रकार नरेंद्र पाठक द्वारा संचालित शर्मा स्वीट्स पर भी कार्रवाई की गई। जांच करने पर पाया गया कि प्रतिष्ठान पर 10-10 किलो की 11 नकली मावा की बोरियां उपयोग के लिए रखी गई थीं, जिनकी जांच की गई और वे अमानक पाई गईं। इनमें मैन्युफैक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट तथा कंपनी का कोई भी नंबर नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर जिले में लगातार कार्रवाई की जाएगी ताकि जिलेवासियों को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

### आत्मनिर्भर भारत सुरखी विधानसभा सम्मेलन संपन्न

**सागर।** भारतीय जनता पार्टी का आत्मनिर्भर भारत एवं स्वदेशी जागरण विषय पर विधानसभा सम्मेलन जलंधर में आयोजित किया गया। इसमें बड़ी संख्या में महिला, युवा, व्यापारी एवं उद्यमियों ने भाग लिया।मुख्य वक्ता जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, आत्मनिर्भर भारत के जिला संयोजक निकेश गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र पाठक, मंत्री प्रतिनिधि अरविंद सिंह राजपूत, मंडल अध्यक्ष लोकमान्य लोधी ने भाग लिया। इस अवसर पर राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री की भावना के अनुरूप देश वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के मार्ग पर अग्रसर है। उस समय हम आजादी की 100 वी वर्षगांठ के साथ-साथ भारत को विश्व का अग्रणी राष्ट्र बनने का गौरव भी हासिल करेंगे। यह लक्ष्य हम आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलकर ही हासिल कर पाएंगे। इस समय हम सुरक्षा के क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर हो चुके हैं, पूरे विश्व को पाकिस्तान से युद्ध के दौरान हमने अपनी ताकत का एहसास कराया। स्वदेशी मिसाइल ब्राह्मोस्त्र ने पाकिस्तान एयरबेसों एवं आतंक वादी अड्डों को तबाह कर पूरी दुनिया को दिखाया कि हमारी ताकत के आगे कोई नहीं टिक सकता है। निकेश गुप्ता ने कहां की हम इस समय विश्व की चौथी आर्थिक महाशक्ति बन चुके हैं। आर्थिक क्षेत्र में हम पूरी तरह से आत्मनिर्भर हो चुके हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने 100ः टैरिफ के जरिए हमें झुकना की कोशिश की लेकिन उसको भी मुंह की खानी पड़ी। यह प्रधानमंत्री मोदी जी की दूर दृष्टि से ही संभव हो पाया। ट्रंप के टैरिफ के बावजूद जीएसटी को कम करके हमने पूरी दुनिया को एहसास कराया कि हम आर्थिक रूप से बहुत मजबूत हैं। अब हमें विश्व की कोई भी ताकत झुका नहीं सकती। जीएसटी को चार स्लैब की जगह दो स्लैब में परिवर्तित किया गया। जिससे देश के उपभोक्ताओं को ढाई लाख करोड़ रुपए की बचत हुई। एक तरफ व्यापार भी बढ़ेगा दूसरी तरफ उपभोक्ताओं को फायदा भी होगा, हर परिवार इस छूट के बाद कम से कम ढाई हजार रुपए का लाभ ले पाएगा। वीरेंद्र पाठक ने कहा कि हमें लोकल फॉर वोकल को आगे बढ़ना चाहिए। हमें देश के उत्पादों के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को भी महत्व देना चाहिए, एवं कंपनी पैक खाद्य पदार्थ जो की सेहत के लिए भी नुकसानदेह होते हैं उनसे हमें बचाना चाहिए।

## सागर संभाग में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन की विपुल संभावनाएं

# सागर संभाग में दुग्ध उत्पादन को वृद्धि के लिए कार्य योजना बनाएं, किसानों को प्रोत्साहित करें: कमिश्नर सुचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में दुग्ध उत्पादन में वृद्धि के लिए बेहतर कार्य योजना बनाकर उसका प्रभावी और परिणाममूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने के निर्देश पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन की विपुल संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा है कि इसे दृष्टिगत रखते हुए सागर संभाग में पशुपालन और दूध के उत्पादन के लिए कार्य योजना बनाकर प्रभावी तरीके से कार्य करने की जरूरत है।



कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए अच्छी नस्लों के दुधारू पशु तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए सागर संभाग के सभी जिलों में कृत्रिम गर्भाधान को प्रोत्साहित कर अच्छी नस्ल की गायें तैयार की जाएं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सागर संभाग में पशुपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए शासन द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, नंदी शाला योजना, स्वालंबी गौशाला योजना जैसी अभिनव योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर इन्हें पशुपालक किसानों तक पहुँचाया जाए तथा इन योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी पशुपालक किसानों को देकर उन्हें पशुपालन के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

कमिश्नर सागर संभाग श्री अनिल सुचारी ने उक्त निर्देश आज पशुपालन विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि सागर संभाग में अच्छी नस्ल के पशुओं की संख्या बढ़ाने के लिए पशु चिकित्सक पशुपालकों को समझाइश देकर अच्छी नस्ल के पशुओं की संख्या बढ़ाने के लिए कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि सागर संभाग में दुग्ध उत्पादन समितियों को सक्रियता के साथ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करें। निष्क्रिय दुग्ध उत्पादन समितियों को सक्रिय बनाएं और उन्हें पशुपालन के क्षेत्र में कार्य करने के लिए सतत प्रोत्साहित करें।

कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में चलित पशु चिकित्सा इकाइयों को और अधिक बेहतर तरीके से कार्य करने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करें और सागर संभाग में पशु टीकाकरण के लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण कराएं। बैठक में कमिश्नर ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित चरीचराई योजना, बकरी पालन योजना, मुर्गी पालन योजना, मुर्राह पालन योजना, नंदी शाला योजना, मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना, आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना की जिलेवार प्रगति की समीक्षा की तथा दिए गए लक्ष्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कमिश्नर द्वारा मत्स्य पालन विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई।





## सर्वेयर आईडी कार्ड वितरण समारोह का आयोजन

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में बुधवार के दिन नटराज ऑडिटोरियम में सर्वेयर आईडी कार्ड वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग के नियुक्त हुए सर्वेयरों को आईडी कार्ड (पहचान पत्र) प्रदान किये गए जिसे पाकर सर्वेयरों के चेहरे खिल उठे राजस्व विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक पंडित गोपाल भार्गव शामिल हुए एवं उन्होंने समस्त सर्वेयर को आईडी कार्ड वितरित किए कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश पूजन के साथ हुई कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री भार्गव का स्वागत एसडीएम कुलदीप पाराशर एवं गढ़ाकोटा तहसीलदार महेश दुबे रहली तहसीलदार राजेश पांडे,नायाब तहसीलदार अनिल अहिरवार ने किया। इस दौरान श्री भार्गव ने किसान बंधुओं की सुविधा एवं ग्राम स्तर पर रोजगार सृजन के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त समस्त सर्वेयर को आईडी कार्ड वितरण करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और मंच से संबोधित किया एवं उत्साहवर्धन किया । इसके पूर्व एसडीएम कुलदीप पाराशर द्वारा सर्वेयर आईडी के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।कार्यक्रम को अन्य वक्ताओं द्वारा भी संबोधित किया। कार्यक्रम में गढाकोटा कोटवारों संघ को टार्च का वितरण किया गया वहीं महिला पटवारी संघ द्वारा भी श्री भार्गव का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में एसडीएम,तहसीलदार गढाकोटा,तहसीलदार रहली, नायाब तहसीलदार रहली,मुख्य नगर पालिका अधिकारी गढाकोटा धनंजय गुमास्ता,नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी,संतोष पटेल,संजय दुबे, बसंत यादव, दिनेश लहरिया, पटवारी संघ से अध्यक्ष केशव मिश्रा, अध्यक्ष पटेल,पटवारी सुशील जैन, सहित राजस्व निरीक्षक, विभिन्न हल्का के पटवारी, कोटवार संघ जिला अध्यक्ष नारायण आठ्या, तहसील कोटवार संघ अध्यक्ष बलराम चढ़ार,कोटवार कार्यकारिणी सदस्य प्रमोद चढ़ार सहित बड़ी संख्या में कोटवार, समस्त ग्रामों के लोकल यूथ सर्वेयर आदि उपस्थित थे

# क्षत्रिय महासभा ने बैंकिंग व चिकित्सा सलाहकार समितियों का गठन किया

**सागर।** जिला क्षत्रिय महासभा सागर के जिला अध्यक्ष लखन सिंह ने क्षत्रिय महासभा के वरिष्ठ संरक्षक मंडल की सहमति से बैंकिंग व चिकित्सा क्षेत्रों में कार्यरत व क्षत्रिय समाज के प्रतिष्ठित व सेवाभावी गणमान्यों को संगठित कर क्षत्रिय महासभा बैंकिंग सलाहकार समिति व क्षत्रिय महासभा चिकित्सा सलाहकार समिति का गठन किया है। यह समितियां क्षत्रिय समाजजनों को बैंकिंग व चिकित्सा क्षेत्रों में प्रगति व सुविधा हेतु समुचित सलाह व मार्गदर्शन प्रदान करेंगी। नवगठित क्षत्रिय महासभा बैंकिग सलाहकार समिति में बलबंत सिंह ठाकुर, कर्रापुर , साहब सिंह ठाकुर सागौनी, एस.एस बघेल मकरोनिया एसबीआई कॉलोनी, एस.एस.तोमर नेहानगर मकरोनिया, चौहान सिंह ठाकुर भापेल को मनोनीत किया गया हैं।इसी प्रकार क्षत्रिय महासभा चिकित्सा सलाहकार समिति में डॉ. इन्द्रराज सिंह ठाकुर, पूर्व सिविल सर्जन-(संयोजक), डॉ. पी.एस ठाकुर, (एम.बी.बी.एस डी, डी.सी.एच) चैतन्य हॉस्पिटल सागर, डॉ. पुन्यप्रताप सिंह (एम.बी.बी.एस एम.डी) असि. प्रोफेसर बी.एम.सी सागर, डॉ. जितेन्द्र राजपूत, (एम.बी.बी.एस, एम.एस, डी.एम), डॉ.शैलेन्द्र सिंह, (एम.बी.बी.एस) को मनोनीत किया गया हैं।

## अंबेडकर वार्ड में नाले के जीर्णोद्धार कार्य का विधायक जैन ने किया निरीक्षण

**सागर।** विधायक शैलेंद्र कुमार जैन एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने अंबेडकर वार्ड में चल रहे नाले के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। स्वच्छता अभियान के तहत लगभग 1.5 करोड़ रुपए की लागत से निगम निधि से यह कार्य कराया जा रहा है। यह नाला,मोंगा नाला तालाब से शुरू होकर पंतनगर तिराहा होते हुए सागर सरोज होटल तक लगभग 800 मीटर तक बनाया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पंतनगर तिराहे स्थित पुराने पुल का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण भी किया जा रहा है जिसे आकर्षक स्वरूप देते हुए वहां पर व्यवस्थित बैठने की व्यवस्था की जा रही है,निरीक्षण के दौरान विधायक जैन ने बताया कि नाले को दोनों ओर से पक्का करने का कार्य किया जा रहा है, जिससे मिट्टी का कटाव रुकेगा और क्षेत्र में जल निकासी की समस्या दूर होगी। विधायक जैन ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता और गति दोनों पर विशेष ध्यान दिया जाए ताकि यह परियोजना समय पर पूर्ण होकर नागरिकों को बेहतर सुविधा दे सके।





## स्वदेशी मेले में स्थानीय कला, संस्कृति और हस्त शिल्प को मिलेगा एक साथ मंचः दुबौलिया

**सागर।** स्वदेशी जागरण मंच महाकौशल प्रांत की बैठक स्वावलंबी भारत अभियान कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी स्वदेशी मेला 2025-26 की तैयारियों की रूपरेखा तय करना था। स्वदेशी जागरण मंच द्वारा "स्वर्णिम भारत वर्ष" के अंतर्गत स्वदेशी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से यह मेला दो साल से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष पुनः यह आयोजन 23 दिसंबर से 4 जनवरी तक सागर के पीटीसी ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। बैठक में क्षेत्रीय संगठक केशव दुबौलिया ने कहा कि इस वर्ष के मेले को जन-जन का अभियान बनाने के लिए समाज के हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। विशेष रूप से महिलाओं को नेतृत्व के अवसर दिए जाएंगे ताकि वे भी स्वदेशी भावना को समाज में आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभा सकें। उन्होंने सुझाव दिया कि स्थानीय कला, संस्कृति और हस्तशिल्प को मंच देकर कलाकारों को प्रोत्साहित किया जाए। प्रांत संयोजक कपिल मलैया ने कहा कि स्वदेशी मेले को सफल बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे ताकि सागर शहर में एक बार फिर स्वदेशी की भावना प्रबल हो और देशी उत्पादों को नई पहचान मिले। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए सोशल मीडिया, व्यक्तिगत चर्चाओं और स्थानीय सभाओं का प्रभावी उपयोग किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग स्वदेशी वस्तुओं की जानकारी प्राप्त कर सकें और उनका उपयोग करने के लिए प्रेरित हों।





## कलेक्टर के निर्देश पर बड़ी कार्रवाई, तीन लाख रुपए से अधिक के पटाखे ज़ब्त

**सागर ।** कलेक्टर संदीप जी.आर. के द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि जिले में अवैध रूप से एवं रहवासी क्षेत्र में कहीं भी पटाखों की बिक्री एवं स्टोर/भंडारण नहीं होना चाहिए। जिसके परिप्रेक्ष्य में आज तहसीलदार राहुल गौड़ के द्वारा कार्रवाई की गई। तहसीलदार राहुल कुमार गौड़ ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशानुसार आज संत कबीर वार्ड, सिंधी कैंप में कार्रवाई की गई, जिसमें तीन लाख से अधिक के पटाखे ज़ब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जब्ती के पश्चात आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। तहसीलदार गौड़ ने बताया कि बिना लाइसेंस के पटाखों के अवैध भंडारण को लेकर दीपक सुंदरानी पिता अर्जुन सुंदरानी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जा रही है।

# दीपावली पर हर घर स्वदेशी का संदेश, विधायक शैलेन्द्र जैन ने स्थानीय बाजार में की खरीदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

दीपावली पर्व के पहले विधायक शैलेंद्र कुमार जैन एवं भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने सागर के मुख्य बाजार कटरा क्षेत्र में पहुंचकर स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी की। उन्होंने देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के "आत्मनिर्भर भारत", "हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी" एवं "वोकल फॉर लोकल" अभियान के अंतर्गत संदेश दिया।



विधायक जैन ने इस अवसर पर कहा कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग न केवल देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाता है, बल्कि स्थानीय व्यापारियों और कारीगरों को भी प्रोत्साहन देता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि दीपावली जैसे पावन पर्व पर स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता दें और विदेशी वस्तुओं के बजाय स्वदेशी सामान खरीदें।

उन्होंने कहा, "प्रधानमंत्री मोदी का 'वोकल फॉर लोकल' अभियान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें इस दीपावली पर संकल्प लेना चाहिए कि अपने घरों को स्वदेशी दीपों, मिठाइयों, वस्त्रों और सजावट सामग्री से सजाएं।"

इस अवसर पर जगन्नाथ गुरैया, मनीष चौबे, अंशुल हर्षे सहित अनेक स्थानीय नागरिक और व्यापारी उपस्थित रहे।इस दौरान बाजार में स्वदेशी अभियान को लेकर उत्साह का माहौल रहा, वहीं नागरिकों ने भी विधायक जैन के आह्वान का समर्थन करते हुए स्थानीय उत्पादों की खरीदारी की।

## पंडोखर सरकार के दरबार के तीसरे दिवस उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़

# क्षेत्रीय विधायक पटैरिया द्वारा चयनित श्रद्धालुओं की समस्या और निदान बताये

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

देवरी नगर के फोरलाईन वायपास स्थित आर्यनश्री पैलेस में विगत 3 दिवसो से चल रहे पंडोखर सरकार के दिव्य दरबार में संत श्री गुरूशरण शर्मा ने आयोजन के तीसरे दिवस 100 से अधिक श्रद्धालुओं की पर्चिया खोलकर उनकी समस्या एवं निदान का दावा किया। आयोजन के दौरान उन्होने क्षेत्रीय विधायक द्वारा श्रद्धालुओं में से चयनित व्यक्तियों की पर्चिया और निदान बताकर सभी को आश्चर्य में डाल दिया। आयोजन में भक्तों के जयकारों के बीच देवरी क्षेत्र एवं दूर दराज से आये लोगों की पर्चिया खोली गई।



### 15 वर्षों बाद देवरी में लगा दरबार

आयोजन के तीसरे दिवस सोमवार सायं लगभग 5 बजे से आरंभ हुए दरबार में संत गुरूशरण शर्मा ने बताया कि वह बहुत छोटी आयु से दरबार का लगाकर अपने इष्ट की प्रेरणा से लोगो की समस्याये दूर कर रहे है। उन्होने बताया कि उनके द्वारा विगत 15 वर्ष पूर्व धाम के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर दरबार लगाना बंद कद दियरा था। जिसके बाद से पंडोखर धाम के अतिरिक्त अन्य किसी स्थान पर किसी दरबार का आयोजन नही किया गया था। 15 वर्षो बाद इष्ट देव की प्रेरणा के चलते देवरी नगर में प्रथम दरबार का आयोजन किया गया है।

### होईहि वही जो राम रचि राखा

संत श्री गुरूशरण शर्मा पंडोखर सरकार ने अपने आशीष वचनों में कहा कि संसार में जो कुछ हो रहा है वह ईश्वर द्वारा निर्धारित है, हम सब उसके अनुसार भी अनुसरण करते है। कई बार अर्जुन विषम परिस्थितियों में घिर जाता है, कृष्ण उसके साथ है वह पार्थ को निरंतर कर्म करने की प्रेरणा देते है और व्यवधान दूर अपने आप दूर हो जाते है। उन्होने कहा कि बुंदेलखण्ड वो भूमि है जिस पर निरंतर भगवान और महान संतो के चरण पड़े इसकी रज में भी चमत्कार है, ईश्वरीय शक्ति है। दुनिया में सिर्फ सनातन एक मात्र धर्म है जिसमें अध्यात्म, पराशक्ति, ज्ञान और विज्ञान है जो समय समय पर प्रमाणित होता है।

### गोपाल भार्गव और हीरासिंह ने दरबार में माथा टेका

प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं क्षेत्र के प्रभावी नेता गोपाल भार्गव, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, क्षेत्रीय विधायक बृजबिहारी पटैरिया, राजेन्द्र जारौलिया सहित जिले के कई जनप्रतिनिधि आयोजन के तीसरे दिवस दरबार में पहुचे और आशीर्वाद प्राप्त किया।

### क्षेत्रीय विधायक से श्रद्धालु चयन करवाकर निकाली पर्चियां

दरबार के तीसरे दिवस 100 से अधिक पर्चिया खोली गई जिसमें विभिन्न स्थानों से आये व्यक्तियों को पर्ची पर अंकित उनकी समस्याये दिखाई गई एवं निदान बताकर 5 अमावस्या पण्डोखर धाम में हाजिरी लगाने को कहा गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय विधायक बृजबिहारी पटैरिया से अलग-अलग 3 श्रद्धालुओं का चयन करवा कर उन्हे मंच पर बुलाया गया एवं उनकी पूर्व से लिखित पर्ची दिखाई गई। साथ ही उनकी समस्याओं का निदान भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत में भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी प्राप्त की। अलकेश जैन, राजू साहू, सुरेन्द्र नामदेव, अतुल जैन, आशीष दुबे, शरद सोनी, अश्वनी पाण्डेय, देशराज गुप्ता, लखन साहू, अशोक यादव, पंकज जैन, संजय वर्मा, संजय अरेले, विजय लोधी, अनिल बिल्थरे सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।



## वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पर जनता ने लगाई मोहरः शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाटव

**सागर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के दिशा निर्देश पर प्रदेश भर में आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के अंतिम दिन जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय तीन बत्ती प्रांगण पर हस्ताक्षर अभियान जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव, सागर विधानसभा प्रभारी जितेंद्र जैन क्रांतिकारी की उपस्थिति में कटरा बाजार फुटपाथ व्यापारी राहगीरों सहित युवा महिला वर्ग एवं आम मतदाताओं ने अभियान का समर्थन कर हस्ताक्षर किये । कार्यक्रम की अंतिम दिन वोट चोरी के खिलाफ 22178 मतदाताओं ने हस्ताक्षर कर अपना जन समर्थन दिया । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन पर प्रदेश में चरमराती चिकित्सा व्यवस्था को लेकर कल दोपहर 3:00 से 5:00 तक बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव एवं कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ता धरना एवं जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमित रामजी दुबे, प्रभारी जितेंद्र जैन क्रांतिकारी, रमाकांत यादव, शरद पुरोहित, अवधेश तोमर, डॉक्टर दिनेश पटेरिया, विजय साहू, दीनदयाल तिवारी, लक्ष्मी नारायण सोनकिया, शैलेंद्र तोमर, निलेश अहिरवार, लल्ला यादव, हेमराज रजक, धर्मेंद्र चौधरी, हरिश्चंद्र सोनवार, कल्लू पटेल, विनोद कोरी, श्रीदास रैकवार सहित अनेक कांग्रेस जनों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### अधिवेशन में आचार्य श्री के सानिध्य में सम्मानित हुए अधिवक्ता

# समाज और धर्मायतनों के प्रति अधिवक्ताओं में जागरुकता होना जरूरी: निर्भय सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटा मंदिर में वैज्ञानिक संत आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में जैन अधिवक्ता अधिवेशन में दीवानी, राजस्व, फासेजदारी एवं टैक्स न्यायालय में कार्यरत 70 वर्ष से अधिक आयु के 33 वरिष्ठतम अधिवक्ताओं एवं 75 अधिवक्ताओं को दिगम्बर जैन पंचायत सम्मानित किया गया।

इस मौके पर आचार्य श्री ने पारिवारिक हिंसा से बचने के उपाय बताए और श्रमण परम्परा के धर्मायतनों की सुरक्षा हेतु आपसी सहयोग बनाए रखने की प्रेरणा दी। जैन अधिवक्ता अपने व्यवसाय के साथ साथ कैसे अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को सुरक्षित और साधर्मी के प्रति सकारात्मक सोच बनाए रखने एवं आत्मीयता आत्मनिर्भरता का भाव बनाए रखने के टिप्स बताए। अधिवेशन का शुभारम्भ आचार्य श्रेष्ठ विद्यासागर महाराज के चित्र के सम्मुख अधिवक्ताओं ने दीपप्रज्जवलित किया और आचार्य श्री के पादप्रक्षालन कर आर्शीवाद ग्रहण किया।



आचार्य श्री ने कहा सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर महाराज द्वारा अधिवक्ताओं को सामाजिक स्तर पर संगठित करने की जो प्रेरणा दी उससे अधिवक्ता समाज और धर्मायतनों के प्रति जागरूक हुए। उन्होने अधिवक्ताओं से प्रत्येक वर्ष सामाजिक स्तर पर ऐसे अधिवेशनों के माध्यम से समाजहित में सकारानात्मक कार्यों पर चिन्ता करने को कहा। जैन पंचायत अध्यक्ष डा० अक्षय टडैया, महामंत्री आकाश जैन, सनत जैन खजुरिया, अजय जैन गंगचारी, मनोज जैन बबीना ने अधिवक्ताओं को शाल प्रतीक चिन्ह के माध्यम से सम्मानित किया। अधिवेशन में प्रमुख रूप से वरिष्ठ अधिवक्ता जयकुमार समेया, जीवनधरलाल जैन, जयकुमार चौधरी, कुशलचंद जैन, संतोष गोयल, अनिल अलया, जिनेन्द्र जैन, सुरेश जैन आदि सम्मानित हुए। अधिवेशन में रतनप्रभा जैन, शैलेन्द्र जैन, विजय जैन सिरसौद, नेमिकुमार जैन, महेन्द्र मडवैया, वैभव जैन ने अपने विचार व्यक्त किए। मंगलाचरण धन्यकुमार जैन सैदपुर एवं संचालन पूर्व डीजीसी संतोष गोयल द्वारा किया गया। इस मौके पर सतीश नजा, सुभाष जैन हिरावल, जयेन्द्र जैन, प्रकाशचंद लोहिया, सौरभ जैन, गौरव जेन, सुनील समैया, शादीलाल जैन एड, सुयश जैन सम्राट समैया, जिनेन्द्र नजा, आदि मौजूद रहे।

### एसपी को शिकायती पत्र देकर इंसाफ दिलाने की गुहार

# ब्याज सहित रकम चुकाने के बाद भी चैक वापिस नहीं करने का लगाया आरोप

## पीड़ित ने चौकी पुलिस पर भी लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

सूद पर दिये एक लाख रुपये कर्ज के तौर पर मूलधन पर 5 प्रतिशत ब्याज अतिरिक्त वसूल करने के बावजूद भी जबरन धनराशि की मांग करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में थाना जखौरा के कस्बा बांसी अंतर्गत टंकीपुरा निवासी राहुल पुत्र जीवन ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया है। पीड़ित ने एसपी को अवगत कराया कि वह मजदूरी पेशा व्यक्ति है। बताया कि उसने आवश्यक कार्य के लिए एक व्यक्ति से एक लाख रुपये वर्ष 2025 में लिये थे। उक्त राशि का 5 प्रतिशत ब्याज सहित मूल धनराशि का हिसाब इसी वर्ष ही चुकता कर दिया था। बताया कि उक्त व्यक्ति के पास उसका हस्ताक्षर युक्त एक कोरा चैक है, जिसे वापस मांगने पर उक्त व्यक्ति द्वारा 1 लाख 30 हजार रुपये की मांग और करते हुये चैक वापस करने को मना कर दिया। मामले की शिकायत 11 अक्टूबर को चौकी



बांसी पुलिस को दी, लेकिन आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उसे चौकी बुलाकर उसके मानवाधिकार का हनन करते हुये उसके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित किया।

यह भी आरोप है कि आलाधिकारियों से शिकायत करने पर फर्जी केस में फंसाने की धमकी भी दी गयी। पीड़ित ने एसपी से पूरे मामले की जांच करायी जाकर उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## महिला ने युवक पर लगाए गंभीर आरोप

**ललितपुर।** मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत थाना मालथौन की रहने वाली महिला ने मसौरा बैरियल चौकी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि मसौरा बैरियल के पास रहने वाला विशाल साहू पुत्र घनश्याम साहू से उसके दो साल से रिलेशन था, जिसको उसने 25 जुलाई को शादी होने के बाद समाप्त कर दिया । बताया कि अब विशाल आये दिन उसे फेसबुक, व्हाट्सऐप एवं इंस्ट्राग्राम पर गन्दी-गन्दी फोटो डाल रहा है। आरोप है कि विशाल साहू ने उससे तीन लाख रुपये की मांग की, जिससे डरकर उसने एक लाख रुपये भी दे दिये, बावजूद इसके अब फोटो इत्यादि डिलीट न करते हुये धमकाया जा रहा है और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर विशाल साहू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### अपना कृष्ण ढाबा कडेसरा से दाल का नमूना संग्रहित

# खाद्य सुरक्षा टीम ने भरे नमूने सोयाबीन ऑयल किया सीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



त्यौहारों के मद्देनजर आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश लखनऊ, जिलाधिकारी अमनदीप डुली के निर्देशानुक्रम में मंगलवार को खाद्य सुरक्षा विभाग की प्रथम टीम द्वारा बार स्थित महेश सेठ एंड ब्रदर्स नामक प्रतिष्ठान से सोयाबीन ऑयल का नमूना संग्रहित कर 359 लीटर सोयाबीन ऑयल सीज किया गया।

बस्तगुआ स्थित सेवकराम के दुकान से रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल का नमूना संग्रहित कर 59 लीटर रिफाइंड राइस ब्रान ऑयल को सीज किया। तालबेहट स्थित निशा डेयरी से खोया का नमूना संग्रहित किया गया। खाद्य विभाग की दूसरी टीम द्वारा मेसर्स द्वारिकाधीश डेयरी से दही का नमूना तथा अपना कृष्ण ढाबा कडेसरा से दाल का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु भेजा गया। प्रथम टीम में सहायक आयुक्त खाद्य विनोद कुमार शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी नागेन्द्र कुमार, एस.एस.निरंजन तथा दूसरी टीम में मुख्या खाद्य सुरक्षा अधिकारी कलामुद्दीन, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सच्चिदानंद राय उपस्थित रहे।

## कुशीनगर एक्सप्रेस से मोबाइल फोन चोरी

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला गोंडा अंतर्गत साहिबापुर के वजीरगंज में रहने वाले अब्दुल मन्नान पुत्र अखमत अली ने क्यूआईआरटी कंट्रोल रूम की सूचना दी कि वह 8 सितम्बर 2025 को मनकापुर से बंबई की यात्रा ट्रेन सं. 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस के कोच नं. एस-4 बर्थ नं. 42, 42, 43 पर अपने साथियों के साथ कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना मोबाइल फोन जिसकी कीमत करीब 17 हजार रुपये थी को खाना खाकर कमर के नीचे रखकर सो गया था। ललितपुर रेलवे स्टेशन के पास उसकी नींद खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब था, उसने काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल सका। आरोप लगाया कि कोई अज्ञात बदमाश उसकी नींद का फायदा उठाकर मोबाइल फोन लेकर भाग गया। यात्री की सूचना पर जीआरपी ललितपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन के लिए सतत प्रयासरत पुलिस

# आपातकालीन नंबरों के उपयोग से महिला व बालिकाओं को कराया अवगत, नियम पालन करने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति फेज-5.0 के अंतर्गत पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से विविध जनजागरूकता कार्यक्रम एवं कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं। जिले के समस्त थानों पर तैनात महिला पुलिस कर्मियों एवं मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर आमजन, विशेषकर महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा, सुरक्षा अधिकारों तथा सशक्तिकरण के विषय में जागरूक किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं एवं महिलाओं को गुड टच और बैड टच की पहचान, आत्मरक्षा के उपाय, तथा महिला सम्बन्धी अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। उन्हें यह भी बताया गया कि यदि कहीं छेड़छाड़ या उत्पीडन जैसी घटनाएँ घटित हों, तो डरने के बजाय तत्काल पुलिस हेल्पलाइन नंबर 1090 पर कॉल करें या नजदीकी थाना पर जाकर एफआईआर दर्ज



कराएं। महिलाओं/बालिकाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम आदि) का सुरक्षित एवं जिम्मेदार उपयोग करने के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही यातायात नियमों की जानकारी दी गई तथा उनसे आग्रह किया गया कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिजनों एवं आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति टीम द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई, जिनमें प्रमुख रूप से 1076- मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090- वीमेन पावर लाइन, 181 - महिला हेल्पलाइन, 112 - पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 - गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एम्बुलेंस सेवा, 108 - सामान्य एम्बुलेंस सेवा, 1098 - चाइल्ड हेल्पलाइन, 101 - अग्निशमन सेवा, 1930 - साइबर हेल्पलाइन की जानकारी दी गयी। मिशन शक्ति फेज - 5.0 के अंतर्गत चलाए जा रहे इन कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा के प्रति आत्मविश्वास बढ़ाना, आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना तथा समाज में महिला सम्मान की भावना को सशक्त बनाना है।

# कार्यकर्ताओं का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन

**टीकमगढ़।** जिले के ब्लॉक पलेरा मे मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को प्रदान की जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने के उद्देश्य से मैदानी स्तर पर पदस्थ सीएचओ, एएनएम के अर्ध दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय गुप्ता के निर्देशन , एवम ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अतीक अहमद के संचालन में न्यूट्रेशन इंटरनेशनल के मुकेश सुनानिया सहयोग से समुदायक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा, में किया गया। प्रशिक्षण मे सभी गर्भवती माताओ का प्रथम तिमाही में शीघ्र पंजीयन अवश्य करे एवं समस्त गर्भवती और धात्री महिलाओं को आयरन और कैल्शियम की टैबलेट अनिवार्य रूप से प्रदान की जाए और समस्त आयुष्मान आरोग्यमंदिर



पर उपलब्धता हमेशा रहे । ज़िले से आये प्रोग्राम मैनेज़र अयाज़ द्वारा एचएमआईएस की उपस्वास्थ्य केंद्र वार समीक्षा की गई जिसमें रिपोर्ट में हो रही विसंगति की चर्चा की साथ एचएमआईएस नबीन इंडिकेर्स हेल्थ कंडीशन मीट्रिक पर भी विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया और एम सी पी कार्ड पर भी विस्तृत रूप से चर्चा हुई। ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के दिन सत्र स्थल पर आवश्यक जांच एवं उपकरण की व्यवस्था सुनिश्चत करने के संबंध में शासन के निर्देशों के संबंध में उपस्थित प्रतिभागियों को अवगत कराया! प्रशिक्षण आयोजन में ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर अतीक अहमद, जिला से अयाज़ इवने रियाज़ का प्रशिक्षण मे विशेष सहयोग रहा। साथ ही साथ अनीस खान, गगन सोनी, कुनाल और विकासखंड की समस्त कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर एवं एएनएम आदि उपस्थित थे।

## नगर परिषद के सांसद प्रतिनिधि बने सुनील खटीक

**पलेरा।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं जतारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरीशंकर खटीक के छोटे भाई पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक को केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक ने नगर परिषद कार्यालय का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद प्रतिनिधि की जिम्मेदारी मिलते ही पलेरा नगर के समर्थकों ने बस स्टैंड पर पटाखे फोड़े गये। नगर के जनपद कार्यालय पर सरपंचों के द्वारा पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील खटीक को सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर पुष्प हार पहनाकर बधाइयां दी गई। पत्रकारों से चर्चा के दौरान भाजपा नेता एवं सांसद प्रतिनिधि सुनील खटीक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं सांसद वीरेंद्र खटीक के द्वारा सौपी गई जिम्मेदारी का निर्वाहन वह पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे।



## सीईओ ने ग्रामीणों को दी जानकारी

# शासन की योजनाएं व सेवा आसानी से होगी उपलब्धः सीईओ वर्मा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलेरा

जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बूदौर के कोटरा खेरा में आदि सेवा केंद्र का जनपद पंचायत सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा ने जायजा लिया। मौके पर मौजूद ग्रामीण एवं महिलाओं से संवाद करते हुए सीईओ वर्मा ने बताया कि आदि सेवा केंद्र के माध्यम से ग्राम स्तर पर शासन की योजनाएं और सेवा आसानी से उपलब्ध होंगी। यह पहल शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका संवर्धन और सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में नई दिशा देगी। आदिसेवा केंद्र के तहत प्रत्येक गांव के लिए विलेज एक्शन प्लान तैयार होगा। इसमें गांव की आवश्यकताओं एवं प्राथमिकताओं को शामिल कर विकास कार्यों की योजना बनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ाने विभिन्न गतिविधियां संचालित होगी। इन अभियानों में स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और शासकीय योजनाओं की जानकारी पोस्टर, पंपलेट, नुक्कड़ नाटक और ग्राम सभाओं के माध्यम से दी जाएगी। आदिवासी सेवा केन्द्र से विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण संबंधी सेवाओं का परामर्श, आजीविका संवर्धन और स्वरोजगार से संबंधित मार्गदर्शन, प्रमाण पत्र ग्राम स्तर पर विलेज एक्शन प्लान का निर्माण और क्रियान्वयन, सतत जागरूकता के लिए अभियान का संचालन होगा।




### वरिष्ठ अधिकारियों की चुप्पी की वजह से नहीं हो पा रही कार्रवाई, कलेक्टर से शिकायत

# अवैध कब्जा कर स्कूल भवन को ही बना लिया निवास स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहनगढ़

तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मालपीथा में सरकारी स्कूल के भवन पर गांब के ही एक ब्यक्ति द्वारा अबैध कब्जा करके स्कूल को ही अपना निवास स्थान बना लिया है। इस अबैध कब्जे को हटाने में सबसे बड़ा रोड़ा बन रही है बरिष्ठ अधिकारियो की चुप्पी। क्योंकि बरिष्ठ अधिकारी इस मामले में चुप्पी साधे हुए है जिस बजह से स्कूल के भवन पर किया गया अबैध कब्जा नहीं हटाया जा रहा। हालांकि उक्त भवन में अब स्कूल नहीं लगता क्योंकि स्कूल के लिये नया भवन बना दिया गया है, लेकिन इस पुराने भवन में आँगनबाड़ी का संचालन होता है। जिसमें आने बाले बच्चो व महिलाओ को भारी परेशानी होती है। इस संबंध में अब कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय से शिकायत करके कार्यवाही की मांग की गईं है।

ग्राम मालपीथा के शिकायतकर्ता गोलू राजा बुंदेला ने कलेक्टर श्रोत्रिय के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत मालपीथा



में स्थित प्राथमिक शाला की पुरानी बिल्डिंग में मालपीथा ग्राम के ही दंबग ब्यक्ति मोहन यादव द्वारा अवैध कब्जा कर उसमें निवास बना लिया गया है। अबैध कब्जा करने बाले मोहन यादव ने स्कूल के कमरों में अपना गृहस्थी का सामान जमा लिया है। साथ ही अन्य कमरों में लकड़ी, भूसा भर लिया है। और बाहनो को भी स्कूल भवन के परिसर में ही रखा जाता है। जिससे भवन में आने बाले लोगो को खड़े होने की जगह नहीं मिलती। जबकि इसी बिल्डिंग में आज भी आगनवाड़ी का संचालन भी हो रहा है। जहाँ गाँव के बच्चो व महिलाओं का आना जाना लगा रहता है लेकिन मोहन यादव द्वारा निवास बना लिये जाने की बजह से उन्हे आँगनबाड़ी में आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणो ने बताया कि ऐसा भी नहीं है कि मोहन यादव आवासहीन हो।



क्योंकि मोहन यादव का गाँव में घर बना हुआ है लेकिन इसके बावजूद मोहन यादव उक्त स्कूल की पुरानी बिल्डिंग में अवैध कब्जा कर निवास बनाये हुये है। उक्त कब्जा हटाये जाने को लेकर स्कूल के अधिकारी व कर्मचारियों का कहना है कि मोहन यादव दबंग प्रवत्ती का व्यक्ति है। इसलिये बरिष्ठ अधिकारीओं के दिशा निर्देशन में ही अवैध कब्जा हटाया जा सकता है। शिकायतकर्ता गोलू बुंदेला ने बताया कि अगर कोई ब्यक्ति स्कूल भवन को खाली करने के लिये कहता है तो अवैध कब्जाधारी मोहन यादव द्वारा उस ब्यक्ति से लड़ाई झगड़ा किया जाता है। शिकायतकर्ता गोलू बुंदेला ने कलेक्टर श्रोत्रिय को आवेदन देकर शीघ्र ही जन हित में उक्त अवैध कब्जे को हटाये जाने और स्कूल भवन को कब्जामुक्त किये जाने की कार्रवाई की मांग की है।

### आवदा पुलिस ने किया अंधेकत्ल का खुलासा,अवैध संबंध बने हत्या के कारण

# साढ़ू ही निकला कातिल, पहले पिलाई शराब,फिर पानी में डुबोकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

आवदा डैम के पास उगाल की पुलिया के पास पानी में मृत अवस्था में पडे मिले विनोद आदिवासी की मौत की गुत्थी को आवदा थाना पुलिस ने सुलझा लिया है। विनोद आदिवासी की मौत कोई हादसा नहीं,बल्कि मर्डर है। खास बात यह है कि विनोद की हत्या करने वाला आरोपी ओर कोई नहीं,बल्कि उसका सगा साढू राजू आदिवासी ही निकला है। जिसने पहले विनोद को खूब शराब पिलाई और फिर उसे आवदा डैम की उगाल की पुलिया के नीचे पानी में डुबोकर मार डाला।

पुलिस की जांच में हत्या की वजह अवैध संबंध सामने आए है। पुलिस ने आरोपी राजू आदिवासी को अरेस्ट करके पूछताछ की तो उसने इस हत्या को अंजाम देना कबूल भी कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट करने के बाद जेल भेज दिया है।यहां बता दें कि 22 सितंबर की शाम को आवदा डैम की उगाल की पुलिया के नीचे पानी में विनोद आदिवासी 33 वर्ष पुत्र राधेश्याम आदिवासी निवासी राडेप की लाश संदिग्ध हालत में पडी मिली। आवदा थाना पुलिस ने विनोद की लाश को बरामद कर उसका पीएम करवाया गया। पुलिस ने जब घटना स्थल का मौका मुआयना किया तो पुलिस को लगा कि इतने कम पानी में किसी व्यक्ति गिरने के बाद उसकी डूबने से मौत होना संभव नहीं है। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल की संज्ञान में जब मामला पहुंचा तो उन्होंने तत्काल आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी की अगुवाई में पुलिस टीम गठित करते हुए मामले की सच्चाई पता करने के निर्देश दिए।



#### साली से थे अवैध संबंध,साढ़ू विनोद बन रहा था अवरोध

एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने बताया कि इस मामले की शुरूआती जांच के दौरान ही यह खुलासा हो गया था कि विनोद आदिवासी की मौत हत्या है। लेकिन जब जांच की कार्रवाई आगे बढी तो यह बात निकलकर सामने आई कि आरोपी राजू आदिवासी और विनोद आदिवासी आपस में साढू है। राजू आदिवासी का अपनी साली यानि विनोद आदिवासी की पत्नी के साथ अवैध संबंध थे। लेकिन इन अवैध संबंधो को बने रहने में विनोद आदिवासी अवरोध डालता था। जो राजू को बर्दाश्त नहीं हो रहा था,इसलिए राजू ने विनोद को अपने रास्ते से हटाने की योजना बना ली।

#### शराब पिलाकर पानी में पटका,फिर गर्दन पर पैर रखकर डुबो दिया

आवदा थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि राजू आदिवासी ने अवैध संबंधो में आडे आ रहे अपनी साढू विनोद आदिवासी को अपने रास्ते से हटाने की योजना तैयार करके 21 सितंबर को अपने साढू विनोद के यहां पहुंचा। चूंकि विनोद शराब पीने का शौकीन था,इसलिए राजू उसे शराब पार्टी करने के बहाने घर से लेकर आवदा डैम की उगाल की पुलिया पर लेकर पहुंचा। जहां राजू ने पहले विनोद को खूब शराब पिलाई और नशा चढने पर उसे लात मारकर पानी में पटक दिया और फिर उसकी गर्दन पर अपने पैर रखकर उसे पानी में तब तक डुबोए रखा,जब तक उसकी जान निकल नहीं गई। इसके बाद आरोपी को अरेस्ट कर जेल भेज दिया। इस मामले की गुत्थी सुलझाने में आवदा थाना प्रभारी के अलावा एएसआई टीकाराम रावत,प्रआर धर्मेन्द्र सिंह तोमर,आरक्षक विनोद कुशवाह, मदन पटेलिया, राजबल्लभ सहित साइबर टीम की अहम भूमिका रही है।

# विवाहिता से दहेज में मांगे 5 लाख,न लाने पर घर से निकाला,पति समेत चार पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सालभर पहले दुल्हन बनकर ससुराल पहुंची एक नव विवाहिता को उसके ससुरालीजनों ने इसलिए प्रताडित करके घर से निकाल दिया,क्योंकि वह दहेज में 5 लाख रूपए लाने की मांग के पूरी नहीं कर सकी थी। यह मामला विजयपुर थाना क्षेत्र के गांव दोर्द का है। पुलिस ने इस मामले में नव विवाहिता की शिकायत पर उसके पति समेत चार ससुरालीजनों पर दहेज एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। विजयपुर थाना पुलिस के मुताबिक नव विवाहिता काजल शाक्य 21 वर्ष पत्नी धर्मेन्द्र शाक्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी शादी करीब एक साल पहले धर्मेन्द्र शाक्य के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद तक ससुराल में ससुरालीजनों ने अच्छे से रखा। लेकिन इसके बाद यह मांग करने लगे कि अपने पिता के घर से 5 लाख रूपए लेकर आने की मांग करने लगे। जब यह मांग पूरी नहीं हुई तो ससुरालीजनों ने प्रताडित करने के बाद घर से भी निकाल दिया। इस मामले में पुलिस ने विवाहिता काजल शाक्य की रिपोर्ट पर पति धर्मेन्द्र शाक्य, ससुर रामस्वरूप, सास तारा, जेठानी मेघा शाक्य निवासी दोर्द के खिलाफ दहेज एक्ट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# टेबल टेनिसः महिला वर्ग में ग्वालियर तो पुरुष वर्ग में गुना की टीम बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में संभाग स्तरीय टेबल टेनिस महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता आयोजित की गई। श्योपुर कॉलेज के इनडोर हाल में आयोजित इस संभागीय प्रतियोगिता में ग्वालियर चंबल संभाग के सभी जिलों ग्वालियर, श्योपुर-मुरैना, गुना-अशोकनगर, दतिया, शिवपुरी, भिंड से महिला एवं पुरुष वर्गों में आई टीमों ने टेबल टेनिस के खेल के गुर आजमाए। महिला वर्ग में ग्वालियर की टीम ने श्योपुर-मुरैना जिले की टीम को शिकस्त दी तथा पुरुष वर्ग में गुना ने श्योपुर-मुरैना की टीम को हराकर संभागीय विजेता बनने का गौरव हासिल किया। टीम प्रतियोगिता के पश्चात सीडिंग के माध्यम से महिला एवं पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों का चयन सम्पन्न हुआ। जिसमें पुरुष वर्ग में श्योपुर-मुरैना जिले से कुणाल बंसल ने वरीयता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। गुना जिले से आदित्य प्रताप सिंह रघुवंशी, तौसीफ कुरैशी, दीपक रघुवंशी व श्योपुर-मुरैना जिले के विपिन शर्मा ने अपना स्थान बनाया। महिला वर्ग में ग्वालियर जिले की कनिष्का, गुंजन सेजल ने व श्योपुर-मुरैना जिले की वैशाली पाराशर ने अपना स्थान बनाया। प्रतियोगिता के बाद प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समापन समारोह में विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए गए। श्योपुर कॉलेज के प्रभारी खेल अधिकारी डॉ मनु प्रताप सिंह भदौरिया ने बताया कि ये प्रथम बार है जब शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में टेबल टेनिस की संभागीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

# गायों को यातना देने का आरोप लगाते हुए विहिप ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत दिनों पाली रोड स्थित गोशाला में गोवंश को कैद करने को लेकर हुए विवाद में अब विश्व हिंदू परिषद (विहिप) भी उतर आई है। इस मामले में उसने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए गोवंश के साथ हो रहे क्रूरतम व्यवहार पर नाराजगी जताई है। विश्व हिन्दू परिषद ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपा। जिसमें मांग की गई कि गोपाल गोशाला के एक बाड़े में एक साथ तीन सैंकड़ा गोवंश को भरने से 4 से 5 गौवंश की भूख प्यास से मौत हो गई, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है, ऐसे में उक्त अधिकारी पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाये। ज्ञापन दिए जाने के दौरान मातृशक्ति की प्रांतीय संयोजिका अनिता सिकरवार, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष दीपक गर्ग, कुलदीप सिसोदिया, भूपेन्द्र कराडिया, गुरूदत्त चोहान, राजबहादुर मारू, विक्की ढोटी, पवन नईवाल, सत्यनारायण मीणा सहित बडी संख्या में विश्वहिन्दू परिषद एवं बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद रहे

# कोटा वैराज से चंबल नहर में छोड़ा पानी पहुंचा श्योपुर

श्योपुर।धान की फसल की सिंचाई के लिए चंबल नहर में कोटा वैराज से छोडा गया पानी श्योपुर जिले की सीमा में दाखिल हो गया है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि कोटा वैराज से चंबल नहर में छोडा गया पानी बुधवार की तडके करीब 3 बजे पार्वती एक्वाडक्ट पर पहुंचकर श्योपुर जिले की सीमा में दाखिल हो गया था। जब जिस क्षेत्र से किसानों की डिमांड पानी छोडने के लिए आएगी,उस क्षेत्र की नहर शाखाओं में नहर का पानी छोडा जाएगा।जब डिमांड नही आएगी तो कोटा वैराज से पानी का प्रवाह बंद करवा दिया जाएगा।

### भारतीय किसान संघ ने कृषि उपज मंडी की अव्यवस्थाओं को लेकर धरना देकर सौंपा ज्ञापन

# अतिरिक्त कटौती के नाम श्योपुर मंडी में किसानों से की जा रही लूट तत्काल हो बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



भारतीय किसान संघ ने कृषि उपज मंडी श्योपुर में व्याप्त कई अव्यवस्थाओं को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट प्रांगण में एक दिवसीय धरना दिया और फिर नारेबाजी करते हुए मंडी के भारसाधक अधिकारी व एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मंडी में चल रही अव्यवस्थाओं के बारे में अवगत कराया कि कृषि उपज मंडी में किसानों से 500 ग्राम या 700 ग्राम अतिरिक्त कटौती के नाम पर वर्षों से लूट चल रही है। यह कटौती नियम विरुद्ध है, जिसे तत्काल बंद किया जाए। इसके साथही ज्ञापन में मंडी में संपूर्ण प्रांगण में सीसी सडक निर्माण किए जाने, तीसरे बीओटी कांटे का कार्य शीघ्र पूर्ण कर एक ओर कांटे की स्वीकृति दिए जाने, किसान भवन शीघ्र स्वीकृत किए जाने, गोवंश की मंडी प्रांगण में पूरी तरह पाबंदी तथा 24 घंटे विद्युत व्यवस्था, शुद्ध पानी की उपलब्धता किए जाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई है। ज्ञापन सौपने के दौरान हरिशंकर पालीवाल, लाखनसिंह जाट, पवन सुमन, रामगोपाल, भीमसिंह जाट, रोशन मीणा, कमलेश मीणा, रामहेत रावत नरेंद्र चौधरी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे

# खालिद बने नगर पालिका कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




नगर पालिका में अतिक्रमण शाखा के प्रभारी हाजी खालिद एहमद कुरैशी नगर पालिका तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। उनका निर्वाचन विगत दिनों कर्मचारियों ने बैठक आयोजित कर सर्वसम्मति से किया। इसके अलावा कार्यकारिणी का चुनाव भी सर्वसम्मति से हुआ।

कर्मचारियों को वेतन ओर दूसरी समस्याओं को लेकर आ रही परेशानी से लगातार जूझना पड़ रहा, इस संबंध में कर्मचारी अज्ञानता के चलते अपनी समस्या को सुलझाने के लिए राजनीतिक स्तर पर समस्या को हल करवाने लग जाते हैं जिससे समस्या सुलझाने के बजाए ओर अधिक उलझ जाती है। कर्मचारियों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण कराने के लिए उनका प्रतिनिधि मंडल उचित अधिकारियों तक समस्या को पहुंचाए जिसके लिए कर्मचारियों को संगठित होना जरूरी है, इसी उद्देश्य से विगत दिनों निर्वाचन प्रक्रिया के माध्यम से कर्मचारी संघ का गठन किया गया जिसमें खालिद कुरैशी अध्यक्ष के अलावा ओम प्रकाश गुप्ता एआरआई, रघुनंदन पचौरिया एआरआई, पवन कुमार गर्ग उपयंत्री, अशोक कुमार गुप्ता उपयंत्री, सुनिश दंडोतिया सहायक ग्रेड 03, विकास दंडोतिया सहायक ग्रेड 03, राम जी लाल एआरआई, सचेतन भटनागर, कमलेश शर्मा, शाहिदा परवीन, गगन सखवार, शाहबुद्दीन खान, इस्लाम खान, रहीश खान, विशाल सुमन , जितेंद्र माहौर, आशिम पाशा, विष्णु बाल्मिक, दिव्यांश गर्ग, कौशल गुप्ता, शकील कुरैशी, इश्तियाक कुरैशी, अंकिश जैन, दीपक पाराशर, मनोज गुर्जर, रविन्द्र गुर्जर, संतोष मित्तल, जगदीश सुमन, मेहराज खान, ओम वीर रघुवंशी, जितेंद्र धूलिया, मिथुन धूलिया, सत्यभानु जाटव, जितेन्द्र राव , जितेंद्र धूलिया, शाखावत खान,मुरारी लाल प्रजापति, गौरव बंसल आदि कार्यकारिणी में शामिल किया गया है।

### बड़ौदा क्षेत्र में बस चलाने की मांग को लेकर छात्रों ने कॉलेज में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

# ज्ञापन लेने नहीं आए प्राचार्य तो उनके कक्ष में घुस गए छात्र,बुलानी पड़ी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



शासकीय महाविद्यालय श्योपुर में छात्रों ने बडौदा क्षेत्र में कॉलेज बस सेवा चालू कराए जाने की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। विशेष बात यह है कि काफी देर तक कॉलेज प्राचार्य जब ज्ञापन लेने के लिए कक्ष से बाहर नहीं निकले तो छात्र नारेबाजी करते हुए उनके कक्ष में अंदर घुस गए, जिसके बाद आनन फानन में कॉलेज प्रबंधन के द्वारा तत्काल पुलिस बुलानी पडी। पुलिस के आने के बाद कॉलेज प्राचार्य ने कक्ष से बाहर निकलकर छात्रों का ज्ञापन लिया। छात्र शक्ति बडौदा क्षेत्र के बैनर तले आयोजित इस प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे अभिषेक मीणा बमोरी ने बताया कि बडौदा क्षेत्र से भी बडी तादात में विद्यार्थी श्योपुर कॉलेज में पढने के लिए आते है,लेकिन इसके बाद भी बडौदा क्षेत्र में कॉलेज प्रशासन के द्वारा कॉलेज बस सेवा शुरू नहीं की जा रही है। बस सेवा शुरू नहीं होने से बडौदा क्षेत्र के विद्यार्थियों को कॉलेज आने में खासी परेशानियां आ रही है,इसलिए जल्द ही बडौदा क्षेत्र में भी कॉलेज बस सेवा को शुरू किए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपकर आवाज उठाई गई है।

### सड़कों पर सजे बाजार से लग रहा जाम, निकलना हुआ मुश्किल

# एक दिन चलकर रह गया प्रशासन का अतिक्रमण विरोधी अभियान,बाजार में फिर बने जाम के हालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर एसडीएम गगन मीणा के नेतृत्व में प्रशासन ने शहर को अतिक्रमण से निजात दिलाने के लिए जो अभियान चलाया था वह अभियान सिर्फ चेतावनी तक सीमित रहा। अभियान के दूसरे दिन न तो नपा का मदाखलत अमला अतिक्रमण हटाने पहुंचा और न ही कोई अधिकारी कर्मचारी दुकानदारों को समझाइश देने पहुंचा। याद रखने वाली बात यह है कि बाजार में अधिकतर जाम त्यौहार से पहले दुकानें सड़कों तक लगने और अचानक बढ़ जाने वाले हाथ ठेलों की वजह से होता है। जब प्रशासन इन पर सख्ती करता है तो फिर राजनेता इस मामले में आगे आकर प्रशासन के अभियान की हवा निकाल देते हैं। ऐसा ही नजारा इन दिनों देखने को मिल रहा है, सोमवार को प्रशासन ने शिवपुरी रोड जिला अस्पताल से पाली रोड एकीकृत बस स्टैंड तक सड़कों पर से अतिक्रमण हटाया था पर दूसरे दिन प्रशासन की टीम के नहीं पहुंचने से अतिक्रमण वापस वही लौट आया जहां से हटाया था।

बीते रविवार को मुख्यमंत्री के रोड शो के को देखते हुए सड़कों से अतिक्रमण हटाकर रास्ते साफ़ किए थे तब बाजार की रौनक देखते ही बन रही थी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बाजार को इसी तरह अतिक्रमण मुक्त रखने के उद्देश्य से दिए निर्देश के अनुसार एसडीएम गगन मीणा के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाने पहुंचे नपा के मदाखलत अमले ने शिवपुरी रोड ओर पाली रोड से अतिक्रमण हटाया था लेकिन दूसरे दिन यह अभियान अचानक बंद हो गया। जो चर्चा का विषय बना हुआ है।

कलेक्टर अर्पित वर्मा और एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर मुख्यमंत्री के रोड के लिए नगरपालिका, पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग ने संयुक्त अभियान चलाकर अतिक्रमण से संकुचित हो रहे शहर के बाजारों से अतिक्रमण हटाकर रोड शो का सफल संचालन कराया था जिसकी प्रशंसा खुद मुख्यमंत्री ने भी की थी लेकिन रोड शो के दूसरे दिन वहीं अव्यवस्था दोबारा निर्मित हो गई जो पहले हो रही है इससे निपटने के लिए एसडीएस के नेतृत्व में अभियान चलाया तो गया लेकिन यह सिर्फ रस्म अदायगी ही साबित हुआ। इन दिनों शहर का ऐसा कोई बाजार नहीं है, जहां जाम लगने की स्थिति निर्मित न होती हो।



#### सिर्फ हेलमेट लगवाने तक सीमित बनी पुलिस की जिम्मेदारी

बाजारों में लगने वाले जाम को खुलवाने और यातायात को सुगम बनाने की जिम्मेदारी ट्रैफिक विभाग और पुलिस की होती सिर्फ है। पुलिस कोतवाली के पास नपा कार्यालय के सामने, ओर सुबात चौराहा आदि स्थानों पर पर बेरीकेट्स लगाकर जिम्मेदारी की इतिश्री कर रहा है। इसके अलावा पुलिस प्वाइंट लगाकर सिर्फ बाइक सवारों जुर्माना लगा कर पुलिस के खाली खजाने को भरने का काम कर रही है।

#### जब सवालों से अफसर खुद हो जाते हैं निरुत्तर

अतिक्रम विरोधी अभियान वैसे तो कई बार चलाया गया कई कलेक्टर ने अभियान को सफल बनाने के लिए खास योजनाएं बनाई लेकिन उनकी योजनाएं तब धराशाई हो जाती है जब अभियान को सफल बनाने के लिए एसडीएम जैसे अधिकारी सड़क पर निकलते हैं तब उनसे सड़कों पर फेरी लगाने वाले ठेलों पर सामान बेचने वाले या दुकानों के आगे बाईक खड़ी कर देने वाले यह पूछ लेते हैं कि वह यहां से हटकर कहां जाएं? इसका जवाब अफसरों के पास नहीं होता क्योंकि शहर में नगर पालिका ने न तो कोई पार्किंग विकसित की है, नही फल मंडी, चाट चौपाटी, हॉकर्स जोन इत्यादि की व्यवस्था की है जिससे यह लोग सम्मानजनक रूप से अपना व्यवसाय निर्धारित स्थानों पर कर सकें और वाहनों को पार्किंग में खड़ा कर यातायात को सुगम बनाने में सहयोगी बन सके। ऐसी समस्याओं को देखते हुए अफसर एक दिन तो अभियान में निकलते हैं लेकिन दूसरे ही दिन कलेक्टर को रिपोर्ट सौंपकर नगर पालिका पर सारा दोष रोपण कर वापस ऑफिस में बैठ जाते हैं।

# बीईओ को ज्ञापन सौंपकर एबीवीपी बोली जल्द दूर हो उत्कृष्ट स्कूल में व्याप्त समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर में पढने वाले विद्यार्थियों को पुस्तक वितरित न किए जाने जैसी अन्य कई समस्याओं को लेकर बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक गणेश शर्मा और नगर मंत्री विष्णु वाल्मीक की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और फिर बीईओ मधु शर्मा को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया कि उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर में विद्यालय का सत्र प्रारंभ बहुत दिन हो गया,लेकिन छात्रों को अभी तक पुस्तक उपलब्ध नहीं हो पाई है। वहीं विद्यालय में काफी संख्या में छात्राएं पढने आती है,फिर भी सुरक्षा के लिए लिहाज से कोई गार्ड तैनात नहीं है। विद्यालय प्राचार्य का स्वास्थ्य खराब रहने से भी विद्यालय की व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है। इसलिए जल्द ही स्कूल में व्याप्त इन अव्यवस्थाओं में सुधार किया जाए। ज्ञापन सौपने के दौरान सुनील गुर्जर,विभू शर्मा, अभिषेक सिकरवार, शिवम भदोरिया, हंसराज गुर्जर, गौरव शर्मा, जतिन जाट, निखिल शर्मा, रोहित जोशी, हर्सिता सिंगल ,कविता जादौन आदि विद्यार्थी मौजूद थे।

#### 15 नबंवर को समारोहपूर्वक मनाई जाएगी बिरसा मुंडा जयंती



श्योपुर। क्रांतिवीर शहीद बिरसा मुंडा की जयंती 15 नबंवर को धूमधाम से मनाई जाएगी। यह निर्णय मेरी पहचान संविधान अभियान के तहत आयोजित मुखिया बैठक में लिया गया। महात्मा गांधी सेवाश्रम श्योपुर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता एकता परिषद के जिला अध्यक्ष गंगाराम आदिवासी ने की बैठक में संवैधानिक मूल्यों पर चर्चा हुई जिसमें कार्यक्रम के सूत्रधार एवं महात्मा गांधी सेवा आश्रम से जुड़े समाजसेवी जयसिंह जादौन ने बताया कि संवेधानिक मूल्यो को अपनाकर ही समाज मे समरसता स्थापित होसकती है ओर शोषण मुक्त समाज रचना कर सकते है आज बैठक में हमे पहले और अब संवेधानिक मूल्यो में क्या अंतर आया है और आप संवैधानिक मूल्यों को कैसे समझते है पर चर्चा करना है। इस दौरान विभिन्न गांवों से प्रतिनिधि बैठक में शामिल होने पहुंचे।

## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में आवेदक राजेन्द्र ओझा के प्रकरण की वस्तुस्थिति

**अशोकनगर।** मंगलवार 14 अक्टूबर को आयोजित जनसुनवाई में आवेदक राजेन्द्र पुत्र प्रभूलाल ओझा निवासी विदिशा रोड चुंगी नाका से आरोन रोड अशोकनगर द्वारा मौखिक रूप से आरा-कटर मशीन की जप्ती के संबंध में बताया गया है। इस संबंध में प्रकरण की तश्दीक करने पर उप वनमण्डाधिकारी अशोकनगर द्वारा तत्संबंधी जानकारी दी गई कि दिनांक 25/03/2015 को वन अमले द्वारा राजेन्द्र पुत्र प्रभूलाल ओझा निवासी विदिशा रोड चुंगी नाका से आरोन रोड अशोकनगर स्थित आरा कटर मशीन का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण में उक्त आरा-मशीन कटर अवैध रूप से संचालित पाई गई थी। साथ ही अवैध रूप से फर्नीचर निर्माण पाया गया था। जिसके संबंध में वन अमले द्वारा च.ठ.ट. प्रकरण क्रमांक 448/19 दिनांक 25/03/2015 जारी कर प्रकरण कायम किया गया। उक्त प्रकरण की जांच वनमण्डलाधिकारी द्वारा उप वनमण्डलाधिकारी अशोकनगर को दी गई। जांच में आरा कटर मशीन अवैध रूप से संचालित होना सिद्ध हुआ। वनमण्डलाधिकारी अशोकनगर द्वारा अपने आदेश क्र./राजस्व/245 दिनांक 07/09/2015 से उक्त आरा कटर मशीन को अधिकृत (राजसात) किया गया। उक्त आदेश के विरूद्ध श्री राजेन्द्र ओझा द्वारा अपील मुख्य वन संरक्षक शिवपुरी वृत शिवपुरी को की गई, मुख्य वन संरक्षक द्वारा अपने आदेश क्र./ राजस्व/16/208 दिनांक 21/06/2016 से अपील अभ्यावेदन अमान्य किया गया है।

### बाइक और कार आपस में भिड़े, मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ईसागढ शिवपुरी रोड पर ग्राम कोहरवास के पास बाईक और कार आपस में टकरा गए। जिसे लेकर कार चालक अमित कठेरिया निवासी शिवपुरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक चालक एमपी 08 एमवाय 8852 के चालक ने सामने की तरफ से अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी कार में टक्क्र मार दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से बाईक चालक अशोक अहिरवार निवासी मकसूदनगढ़ जिला गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कार चालक अपनी कार को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाईक में टक्कर मार दी।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। देहात पुलिस ने मोहरी राय निवासी चिकना सिक्ख के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। चंदेरी पुलिस ने नई वस्ती निवासी हरीसिंह बंजारा से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने ग्राम भातपुरा निवासी बाबूलाल सांसी के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

## मरीजों को जहां जगह मिली वहीं उपचार, अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल

# मजदूरों से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली में डंपर ने मारी टक्कर, 19 घायल, 4 रेफर





हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

खिमलासा रोड पर मंगलवार रात बड़ा हादसा हो गया। ग्राम धनौरा के पास मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में एक तेज रफ्तार डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे 19 मजदूर घायल हो गए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती किया गया। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 4 मजदूरों को सागर मेडिकल कॉलेज सागर रेफर किया गया है। इसके अलावा टक्कर के बाद ट्रॉली बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

जानकारी अनुसार मंगलवार को ग्राम खडेसरा से कटनी जाने के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार होकर मजदूर शहर की ओर आ रहे थे। तभी रात करीब 9.45 बजे ग्राम धनोरा और बसाहरी गांव के बीच आईटीआई के पास तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतना जबरदस्त थी कि टक्कर से कई मजदूर ट्रॉली से उछल कर सड़क पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना लगते ही किसान नेता इंदर सिंह ठाकुर ने अपने निजी वाहन, डायल 112, थाना मोबाइल और निजी वाहन की मदद से घायलों को सिविल अस्पताल बीना पहुंचाया गया।

इसके साथ ही बड़ी संख्या में घायल लोगों की सूचना लगते ही एसडीएम विजय डेहरिया एवं तहसीलदार डॉक्टर अंबर पंथी सिविल अस्पताल पहुंचे और सिविल अस्पताल के अलावा प्राइवेट अस्पताल के डॉक्टरों एवं स्टाफ की मदद से घायलों का इलाज कर उन्हें राहत पहुंचाई। वहीं थाना प्रभारी अनूप यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और डंपर को जब्त किया।

### निजी डॉक्टरों ने संभाला मोर्चा

सिविल अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल देखते हुए धन्वंतरि हॉस्पिटल से डॉक्टर एनके पांडे एवं सिटी हॉस्पिटल से डॉक्टर पीडी साहू स्टाफ के साथ सिविल अस्पताल पहुंचे और सिविल अस्पताल के डॉक्टर संजीव अग्रवाल एवं डॉक्टर दीपक तिवारी के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए घायलों का इलाज किया गया। बाद में घायलों को प्राइवेट अस्पताल की एंबुलेंस से गंभीर रूप से घायल मजदूरों को सागर रेफर किया गया। इसके बाद समाजसेवी मनीष सिंघई, प्रमोद सराफ, राजीव अग्रवाल, महावीर जैन, हन्नू राजपूत, राजेंद्र यादव, राजीव जैन आदि ने घायलों के उपचार में मदद की साथ ही खाने पीने की भी व्यवस्था की।

### यह मजदूर हुए घायल

वहीं इतनी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे घायलों को देख अस्पताल में अफरा तफरी मच गई। बाद में घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचे कैलाश साकेत, समय लाल साकेत, रेखा साकेत, शिवकुमार साकेत, मनीष साकेत, आरुषि साकेत, विद्या साकेत, कुसुम साकेत, संदीप साकेत, खुशी साकेत, सुशीला साकेत, विपिन साकेत, आरती साकेत, आकांक्षा साकेत, लालमणि भूमिया, अंजलि साकेत, लक्ष्मी साकेत, चांदनी साकेत, रूप सिंह ड्राइवर को भर्ती कर इलाज किया गया।

## कदम से कदम मिलाकर निकले स्वयंसेवक

# पथ संचलन का शहरवासियों ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ के द्वारा शहर के मुख्य मार्गों से पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर बुधवार को संघ का पथ संचलन पांचजन्य संघ कार्यालय क्रमांक 1 स्कूल प्रांगण से शाम 4.15 बजे प्रारंभ हुआ। जो कॉलेज तिराहा, गांधी चौराहा, पुराना बस स्टैंड, बडी बजरिया, मुख्य बाजार, जागेश्वरी मंदिर, सर्वोदय चौक से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 पर समापन हुआ। स्वयं सेवक कदम से कदम मिलाकर घोष की धुन पर संचलन करते हुए चल रहे थे। शताब्दी वर्ष के इस पथ संचलन को लेकर स्वयंसेवकों में उत्साह का वातावरण रहा। संचलन के दौरान शहर वासियों ने स्वयंसेवकों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पथ संचलन पश्चात स्वयंसेवकों को मुख्य वक्ता सह प्रांत प्रचारक श्रवण भाईसाहब का बौद्धिक प्राप्त हुआ।

### जिले को रैक से 1466 मेट्रिक टन यूरिया प्राप्त

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार एवं मार्गदर्शन में रबी वर्ष 2025-26 हेतु जिले में चंबल फर्टी. एण्ड केमी. लिमि. कंपनी की रैक से प्राप्त 1466 मेट्रिक टन यूरिया का भण्डारण कराकर कृषकों को वितरण हेतु उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है। जिले के लिये 13 अक्टूबर को रैक से प्राप्त यूरिया सेवा सहकारी समितियों को मांग अनुसार शाढ़ौरा, अमरोद, हिनोतिया, करख्या, बरखेड़ा, महिदपुर, कदवाया, महुअन, कोहरवास, हिनोतिया, अथाईखेड़ा, खैजरा, धुर्रा को 25-25 मेट्रिक टन, ईसागढ़, तूमैन को 50-50 मेट्रिक टन, अशोकनगर, कचनार, रातीखेड़ा को 26-26 मेट्रिक टन इस प्रकार कुल 18 समितियों को 504 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। एमपी एग्रो अशोकनगर 54 मेट्रिक टन, डबल लॉक केन्द्र 104 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र मुंगावली 200 मे.टन, डबल लॉक केन्द्र पिपरई 200 मेट्रिक टन यूरिया उपलब्ध कराया गया है। निजी विक्रेताओं को श्री कृष्णा कृषि क्लीनिक 60 मे.टन., आनन्द खाद भण्डार 27 मे.टन, बालाजी एग्रो सेल्स 35 मेट्रिक टन, श्री गुरूकृपा कृषि क्लीनिक 35 मेट्रिक टन, भारत खाद बीज भण्डार को 40 मे.टन, सांई कृषक सेवा केंद्र 27 मे.टन, मामा ट्रेडर्स शाढ़ौरा 50 मे.टन, गणेश कृषि सेवा केन्द्र को 35 मे.टन., बांकेबिहारी कृषि सेवा केन्द्र बहादुरपुर को 60 मे.टन, जगन्नाथ रमेश चंद्र मुंगावली को 25 मे.टन. प्रदान किया गया।

# पुष्य नक्षत्र को लेकर बाजार सजा ट्रैक्टर व बाइक अच्छी बिक्री होने की जागी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





दीपावली त्यौहार के पहले पुष्य नक्षत्र व्यापारियों के लिए खुशी का पैगाम लेकर आता है। इस नक्षत्र में खरीददारी अच्छे होने के आसार व्यापारियों ने जताए हैं। शहर में ट्रेक्टरों से लेकर बाईकों की दुकानें सजी हैं। जितना कारोबार दीपावली पर नहीं होता उतना कारोबार पुष्य नक्षत्र में होता आया है।

अशोकनगर जिला कृषि प्रधान जिला है यहां किसान की पहली पंसद ट्रेक्टर है जिससे वह अपनी खेती को उपजाऊ बनाता है। यहां ट्रेक्टरों की विक्री हमेशा से अच्छी होती आई है। इस बार भी ट्रेक्टरों की विक्री अच्छी होने की आसार हैं। व्यापारियों की बात माने से अप्रेल और मई के महीनें में जो रवी की फसल आती थी उस समय व्यापार अच्छा होता रहा है। लेकिन पिछले 3 वर्षो से अप्रेल मई का स्थान नवरात्रि पर्व से लेकर पुष्य नक्षत्र और दीपावली का समय शामिल हो गया है। इस अवधि में सबसे अधिक वाहनों की विक्री होती है। अशोकनगर जिले में किसानों को जहां ट्रेक्टरों की जरूरत है वहीं गांव से आने के लिए बाईक की आवश्यकता है। इन दोंनों के साथ मोबाईल भी अब आदमी की जिदंगी का अहम हिस्सा हो गया है। इस कारण मोबाईल की खरीद भी त्यौहार पर होती आई है।

पुष्य नक्षत्र वैसे तो मंगलवार से आया है किन्तु इसे वुधवार को शुभ कार्य माना गया है। अशोकनगर जिले में पुष्य नक्षत्र आज मनाया जाएगां। अशोकनगर गुना रोड पर अधिकांश ट्रेक्टर और बाईकों के शोरूम हैं। इन सभी शोरूमों पर वाहनों को सजाकर रखा गया है। यह वाहन ग्राहको को आर्कषित करने में लगे हैं। हर वर्ष जिनमें ट्रेक्टर इस जिले में बिकते हैं उतने ट्रेक्टर अन्य जिलों में विक्रय नहीं होते हालांकि कृषि प्रधान जिले अशोकगर के अलावा अन्य भी हैं उन सभी जिलों में किसानों को ट्रेक्टर खरीदना पड़ता है। जिले भर में सभी कंपनियों के ट्रेक्टरों के शोरूम यहां होने के बाद एक एक डीलर नवरात्रि से लेकर पुष्य नक्षत्र तक अच्छा व्यापार कर चुके हैं। यहां ट्रेक्टरों में महेन्द्रा, आयसर, मैसी, स्वराज, फार्मट्रेक,पावरट्रेक, सोनालीका, आदि ट्रेक्टरों को यहां पसंद किया जा रहा है।

महिन्द्रा ट्रेक्टर के डीलर बीसी जैन एण्ड संस के प्रोपराईटर वैभव जैन ने बताया कि अब तक उनका व्यापार अच्छा रहा है और पुष्य नक्षत्र के दिन अच्छा व्यापार रहने की संभावना है। उन्होंने पुष्य नक्षत्र पर लगभग 20 ट्रेक्टर की विक्री होने की संभावना जताई है। इसी प्रकार आयसर ट्रेक्टर के डीलर रमेश चैधरी ने बताया कि अभी तक उनका ट्रेक्टर व्यवसाय बहुत अच्छा रहा है और पुष्य नक्षत्र के दिन भी अच्छा व्यापार रहने की संभावना है। पुष्य नक्षत्र के दिन अशोकनगर में मोबाईल की दुकानों पर भी अच्छी विक्री होने की संभावना है। शहर की मोबाईल की दुकानों की चर्चा करें तों लगभग 100 दुकानें हैं। इन सभी दुकानदारों ने मोबाईल विक्री अच्छी होने की संभावना जताई है।

इन दिनों शहर का बाईक बाजार भी ग्राहकों को आर्कषित कर रहा है। आर्जब हीरो के डीलर वैभव जैन ने बताया कि उनके यहां पुष्य नक्षत्र से पहले तक बाईकों की विक्री अच्छी रही है। पुष्य नक्षत्र भी अच्छी विक्री की संभावनाएं जता रहा है। शहर भर में लगभग सभी कंपनियों की बाईक और स्कूटी मिलाकर 150 से अधिक होने की संभावना है। नवरात्रि से अब तक जिले भर में दो पहिया वाहनों की विक्री की बात करे तों लगभग 300 से 400 का विक्रय हो चुका है और इतना ही दीपावली तक होने की संभावना है। हालांकि बाजार में रौनक नहीं है इसकी दो वजह हैं एक तो यह है कि इस बार दीपावली का त्यौहार 20 दिन पहले आ गया है। इस समय किसान फसल कटाई में लगे हैं। उन्हें नई फसल को लेकर खाद की जरूरत है और फसलों की कटाई के बाद रवी फसलोंकी बोवनी भी की जाना है। खरीफ फसल अभी मण्डी में नहीं आ पाई है जिसके कारण किसान पर पैसा नहीं है जिसके कारण बाजार में रौनक की कमी है।

# जलवायु परिवर्तन व जैव विविधता विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया

## जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों पर किया विचार विमर्श

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में जलवायु परिवर्तन एवं जैव विविधता विषय पर राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार में देशभर से लगभग 350 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस वेबिनार का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों तथा जैव विविधता के संरक्षण की महत्ता पर विचार-विमर्श करना था।

कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा विज्ञान संकाय द्वारा, उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन उच्च शिक्षा विभाग, ग्वालियर-चंबल संभाग के अतिरिक्त संचालक डॉ. कुमार रत्नम द्वारा किया गया तथा इस वेबीनार की अध्यक्षता महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष महेन्द्र भारद्वाज द्वारा की गई। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. रेनू राजेश ने वेबिनार का शुभारम्भ करते हुए इस महत्वपूर्ण विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. दीक्षा भट्ट ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में जलवायु परिवर्तन और जैव विविधता को वैश्विक वास्तविकताएँ बताते हुए कहा कि बढ़ते तापमान, अत्यधिक मौसमी घटनाएँ, आवासों का क्षरण और प्रजातियों का पतन पूरे विश्व के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। वेबिनार के प्रथम वक्ता भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा, नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दिनेश कुमार शर्मा रहे। उन्होंने बिगड़ती मिट्टी, जल और वायु गुणवत्ता,घटती फसल उत्पादकता तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की। डॉ. शर्मा ने जनसंख्या वृद्धि, पोषक तत्वों की कमी और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए खाद्य सुरक्षा में जैव विविधता की अनिवार्य भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने भारत में खाद्य असुरक्षा की स्थिति और जलवायु परिवर्तन के कृषि पर पड़ने वाले प्रभावों का विस्तार से विश्लेषण किया। वेबीनार के द्वितीय वक्ता के रूप में पंजाव पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. डी. सी. शर्मा रहे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व विषय पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का समापन अनुज रघुवंशी द्वारा किया गया एवं तकनीकी सहायक के रूप में देवाशीष गोस्वामी उपस्थित रहे। यह राष्ट्रीय वेबिनार अपने उद्देश्य में पूर्णतः सफल रहा, जिसमें विशेषज्ञों ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और जैव विविधता संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग की बैठक




**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में पंचायत ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने निर्देश दिए कि आगामी लक्ष्यों को लेकर अधिकारी विशेष ध्यान दे और लक्ष्यों को समय पर पूरा करें। साथ ही योजनावार बजट पर विशेष ध्यान दिया जाएं। उन्होंने कलेक्टर/कमिश्नर कांफ्रेस में की गई पंचायत राज्य से संबंधित विषयों पर विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पंचायत राज्य स्तर पर करारोपण को प्रोत्साहित किये जाने,चयनित वृद्धावन ग्रामों में कार्ययोजना तैयार कर कार्य कराये जाने,ग्रामीण नलजल योजनांतर्गत हस्तानांतरण संचालन एवं संधारण के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास एवं पीएम जनमन की प्रगति एवं समावेशी विकास पर चर्चा की गई। उन्होंने जलसंवर्धन के अंतर्गत जल संरचनाओं के संरक्षण अमृत सरोवर प्राचीन जल संरचनाएं, खेत तालाब,अमृत सरोवर,रिचार्ज किट एवं कुऐ निर्माण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने आजीविका सृंजन की गतिविधियों के तहत स्व सहायता समूहों को और अधिक प्रभावी बनाये जाने तथा वित्तीय संस्थानों से जोडे जाने के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने लखपति दीदी के अंतर्गत बैंकों से ऋण स्वीकृत कराकर वितरण की कार्रवाई कराये जाने के निर्देश दिए।

## समयसार के चिंतन से रुपातीत ध्यान को समझा जा सकता है

# विपक्ष की भूमिका बिना पक्ष के कुछ भी नहीं है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि आर्स परम्परा में नमक का स्वाद अभाव में सदभाव का अनुभव करता है अभाव में सदभाव का अनुभव करता तो आसान है लेकिन सदभाव में अभाव का अनुभव करें। मैं मनुष्य नहीं हूं मनुष्य नहीं होने की अनुभूति लाना बहुत कठिन है जो तुम्हारे पास पद प्रतिष्ठा है उसे भूलें। अज्ञानी ज्ञान का अनुभव तो कर सकता हैं ज्ञानी ज्ञान को भूलने को तैयार नहीं होता। यदि ज्ञान को भूलकर अपने आप में चलें जाये तो आप ऐसी अवस्था में पहुंच जायेंगे जिसे सदभाव में अभाव कहा जाता है यह आसान नहीं है।

### गरीब आदमी अमीरी की अनुभूति कर सकता अमीर गरीबी की करे तो जाने

उन्होंने कहा कि सदभाव में अभाव की अनुभूति गरीब आदमी अमीरी की अनुभूति कर सकता है अमीर आदमी गरीबी की अनुभूति करें बहुत कठिन है। रूपातीत ध्यान सदभाव में अभाव की अनुभूति करता है रूपातीत ध्यान में हमें अपने शरीर का अभाव देखना है अभिमन्यु चक्रव्यूह में प्रवेश तो कर गया लेकिन निकलना नहीं जानता था। उसे आठ आठ योद्धाओं ने इतनी बुरी तरह से मारा कि अर्जुन इस घटना क्रम को याद कर तड़प जाता है। ऐसे ही निश्चिय वाले को आठ कर्मों से निकलने की रास्ता ही पता नहीं है। नारी को युद्ध की वात पसंद नहीं आती। नारी को तो श्रंगार की बात अच्छी लगती हैं। इसमें ग़लती अर्जुन की थी जिसे आप सीख दे रहे हैं उसे देखे तो सही कि वह पात्र है या नहीं सिर्फ सीख देना से कार्य में सफलता की गारंटी नहीं होती। यदि उस समय अर्जुन ने ध्यान दिया होता तो कुछ और ही बात होती।

### पक्ष होगा तव विपक्ष की भूमिका तय होगी

उन्होंने कहा कि पक्ष होने पर ही विपक्ष है। विपक्ष की भूमिका बिना पक्ष के कुछ भी नहीं है। पक्ष हो तो कुटिलता ख्याति पूजा मान अपमान से ऊपर उठ जाता है। किस पर में क्रोध कर रहा हूं क्रोध तो हम कर लेते हैं पर हमें यह पता ही नहीं रहता कि जिस पर क्रोध कर रहे हैं उसे पता ही नहीं है। वह शांत बैठा है और आप अपने परिणामों को आगवबूला कर रहे हैं।

### आगामी कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर थूवोनजी कमेटी ने की बैठक

दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के सान्निध्य में होने वाले आगामी कार्यक्रम को लेकर थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल की अध्यक्षता में सुधा सागर मार्केट थूवोनजी भवन में गत दिवस एक बहद बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल सभी ग्रुपो के पदाधिकारियों विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान कमेटी के महामंत्री मनोज भैसरवास ने आगामी कार्यक्रम को देखते हुए सभी संगठनों से विभिन्न कार्यक्रम के दायित्व के कार्य को अंजाम देने पर जोर देते हुए सहयोग का आव्हान किया।